# दुग्ध उत्पादक, पशुपालक सम्मेलन ग्वालियर में आज

## विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को वितरित करेंगे स्वीकृति प्रमाण-पत्र

### 20 हजार पशुपालक एवं दुग्ध उत्पादक होंगे शामिल

**भोपाल, 3 मई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को ग्वालियर में राज्य स्तरीय दुग्ध उत्पादक एवं पशुपालक सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव विभागीय योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों को स्वीकृति प्रमाण-पत्र भी वितरित करेंगे.**



मेला ग्राउंड ग्वालियर में होने वाले सम्मेलन में पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल भी उपस्थित रहेंगे. दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश को मिल्क कैपिटल बनाने और दुग्ध उत्पादकों और पशुपालकों को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा लगातार नवाचार किए जा रहे हैं. वर्ष-2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है.

इसी कड़ी में पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा ग्वालियर जिले में राज्य स्तरीय दुग्ध उत्पादक एवं पशुपालक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है. सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न जिलों के करीब 20 हजार पशुपालक, दुग्ध उत्पादक, लाभान्वित हितग्राही, सहकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि और उत्कृष्ट कार्य करने वाले पशुपालक शामिल होंगे. प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने, उन्नत पशुपालन को बढ़ावा देने और सहकारिता के माध्यम से पशुपालकों की आर्थिक समृद्धि पर विशेष जोर दिया जाएगा. साथ ही मैत्री कार्यकर्ता, उदाहरणीय पशुपालक और क्षीरधारा ग्रामों के सरपंच सहित सहकारी दुग्ध समिति के सदस्य मुख्यमंत्री डॉ. यादव से अपने अनुभव साझा करेंगे. कार्यक्रम स्थल पर पशुपालन एवं डेयरी विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों द्वारा दुग्ध उत्पादन और सरकारी योजनाओं की प्रदर्शनी भी लगाई जाए

### मिशन दृष्टि का प्रक्षेपण महत्वपूर्ण उपलब्धि

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व के पहले और भारत में निर्मित सबसे बड़े निजी ऑप्टोसार उपग्रह 'मिशन दृष्टि' के सफल प्रक्षेपण पर गैलेक्सआई के संस्थापकों और पूरी युवा टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मिशन दृष्टि अंतरिक्ष यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं को विज्ञान सहित हर क्षेत्र में प्रोत्साहन दिया है. देश में स्टार्टअप को बढ़ावा देने का ही परिणाम है कि अंतरिक्ष सहित हर क्षेत्र में युवाओं के निरंतर नवाचार जारी हैं. उल्लेखनीय है कि बैंगलुरु के अंतरिक्ष स्टार्टअप गैलेक्सआई ने रविवार, 3 मई 2026 को दुनिया का पहला ऑप्टोसार सैटेलाइट 'मिशन दृष्टि' का सफलतापूर्वक लॉन्च किया है.



# मौसम बदला : आंधी और तेज बारिश का अलर्ट जारी

### कई जिलों में बारिश के बाद मौसम में ठंडक

**भोपाल, 03 मई. प्रदेश में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है. बीते दिनों हुई बारिश के बाद अब कई जिलों में आंधी और गरज चमक के साथ बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है. वहीं रविवार को प्रदेश के कई जिलों में धूप छांव का सिलसिला भी देखने को मिला.**

दिन में तेज धूप के कारण गर्मी महसूस हुई, तो कुछ जगहों पर बादल सक्रिय हैं. मौसम विभाग के अनुसार अगले दो से तीन दिनों में मौसम और ज्यादा सक्रिय रहेगा. वहीं ग्वालियर चंबल, सागर, रीवा, शहडोल और जबलपुर जैसे जिलों में 50 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और गरज चमक के साथ बारिश की संभावना है. बता दें प्रदेश में बीते 24 घंटे में सबसे अधिक तापमान खजुराहो में लगभग 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. जबकि न्यूनतम तापमान पचमढ़ी में करीब 16 डिग्री सेल्सियस रहा. मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 4 से 7 मई के बीच प्रदेश में आंधी बारिश का दौर बढ़ सकता है. वहीं कई जिलों में ओलावृष्टि की भी संभावना के साथ हवा की रफ्तार 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है.

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ, चक्रवाती परिसंचरण और ट्रफ लाइन के असर से मौसम अस्थिर बना हुआ है. जिससे अचानक तेज हवा, बिजली गिरने और बारिश की स्थिति बन सकती है.

### मौसम की करवट में राजधानी

भोपाल में बीते दिनों बारिश के बाद मौसम में ठंडक आई थी. वहीं रविवार को शहर में सूरज बादलों में छिपकर कभी छांव तो कभी धूप से गर्मी की उमस से लोगों को परेशान करते नजर आये. रविवार को राजधानी का अधिकतम तापमान करीब 40.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान लगभग 22.4 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा. वहीं शाम के समय हल्की हवा से लोगों का राहत महसूस हुई.

# पटवारी ने राष्ट्रपति से हस्तक्षेप की मांग की

## राज्य में शासन व्यवस्था पर उठाए गंभीर सवाल

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 3 मई. मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राज्य की शासन व्यवस्था को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए भारत के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को एक पत्र लिखा है. पत्र में उन्होंने प्रदेश में "गंभीर प्रशासनिक विफलता" का आरोप लगाते हुए जनहित में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है.**

अपने पत्र में पटवारी ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में जनता का विश्वास लगातार कमजोर हुआ है, जिससे प्रदेश में असुरक्षा और अव्यवस्था का माहौल बन गया है. उन्होंने हाल के कई घटनाक्रमों का हवाला देते हुए इसे व्यवस्थागत विफलता का प्रमाण बताया. जबलपुर में हुई हालिया क्रूज दुर्घटना, जिसमें कई लोगों की जान गई, को उन्होंने "देश को झकझोर देने वाली घटना" बताया. इस दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव और राज्यपाल की सांस्कृतिक कार्यक्रम में उपस्थिति पर उन्होंने सवाल उठाते हुए इसे जनभावनाओं के प्रति असंवेदनशील बताया.

### नागरिक सेवाओं के प्रबंधन में बड़ी चूक

पटवारी ने छिंदवाड़ा में कथित रूप से दूषित दवा के सेवन से बच्चों की मौत को प्रशासनिक लापरवाही और स्वास्थ्य तंत्र की विफलता का गंभीर उदाहरण बताया. इसके अलावा इंदौर में जहरीले पानी की आपूर्ति की घटनाओं को उन्होंने आवश्यक नागरिक सेवाओं के प्रबंधन में बड़ी चूक करार दिया.



पटवारी ने धार जिले में आदिवासी लोगों की मौत वाली सड़क दुर्घटना समेत लगातार हो रही दुर्घटनाओं को भी प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम बताया. उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था की स्थिति कमजोर होती जा रही है और आम नागरिकों में भय तथा असंतोष बढ़ रहा है. उन्होंने राष्ट्रपति से अपील की कि वे इस पूरे मामले का संज्ञान लें और राज्य में सुशासन, सुरक्षा तथा जनता के विश्वास को बहाल करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करें.

# प्रथम चरण : मोबाइल एप से होगी मकानों की गणना

**बड़वानी, 3 मई. जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण कार्य की तैयारियां जिले में निर्धारित समय-सीमा के अनुसार सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली गई हैं.**

जिला प्रशासन द्वारा सभी चार्जों में कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करते हुए यह सुनिश्चित किया गया है कि निर्धारित दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन हो. जिला जनगणना अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले के सभी तहसील एवं नगरीय चार्जों में मकान सूचीकरण ब्लॉकों का गठन एवं सीमांकन कार्य पूर्ण कर लिया गया है. एचएलबीसी पोर्टल पर किसी तरह की ओवरलैपिंग या ओमिशन की स्थिति न रहे, इसके लिए विशेष गुणवत्ता जांच कर आवश्यक सुधार भी सुनिश्चित किए गए हैं. सभी प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण कार्य पूर्व में ही पूर्ण किया जा चुका है तथा उन्हें संबंधित एचएलबी एवं सुपरवाइजर सर्कल का आवंटन कर दिया गया है. साथ ही नियुक्ति पत्र, पहचान पत्र एवं आवश्यक किट का वितरण भी सुनिश्चित किया गया है. 1 से 3 मई तक भवन क्रमांकन एवं लेआउट मैप तैयार करने का कार्य संपन्न किया जा रहा है. एचएलबी मोबाइल एप के माध्यम से कार्य किए जाने के दृष्टिगत सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा एप इंस्टॉल एवं लॉगिन की प्रक्रिया भी सुनिश्चित की जा रही है.

# भोपाल-जोधपुर ट्रेन के 7 फेरे निरस्त

## यात्रा से पहले अपनी ट्रेन की स्थिति अवश्य प्राप्त करें

**भोपाल, 03 मई. भोपाल-जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस के कुछ फेरे, जयपुर मंडल के अंतर्गत कनकपुरा स्टेशन पर यार्ड में नानइंटरलॉकिंग कार्य के चलते भोपाल निरस्त रहेंगें.**

रेलवे के अनुसार मई माह में कुछ गाडियां निरस्त रहेंगीं. जिसमें गाडी संख्या 14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस भोपाल से 3, 4, 5, 8, 12, 13 और 14 को लेकर कुल 7 फेरे निरस्त रहेंगे. साथ ही गाडी संख्या 14813 जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस जोधपुर से 2, 3, 4, 7, 11, 12 और 13 को मिलाकर कुल 7 फेरे निरस्त रहेंगें. रेल प्रशासन यात्रियों से असुविधा के लिए खेद प्रकट करते हुये सहयोग की अपेक्षा की है. उन्होंने यात्रियों से अनुरोध कर कहा है कि यात्रा प्रारंभ करने से पूर्व अपनी गाड़ी की स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त करें.

### बेंगलुरु स्पेशल ट्रेन मई तक चलेगी

**भोपाल.** पश्चिम मध्य रेलवे ने गर्मी के मौसम में बढ़ती यात्रियों की भीड़ को देखते हुए दानापुर से सर एम विश्वेश्वरय्या टर्मिनल बेंगलुरु के बीच चल रही स्पेशल ट्रेन की अवधि बढ़ा दी है. इससे लंबी दूरी के यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी. रेल प्रशासन के अनुसार अतिरिक्त यात्री यातायात को सुगम बनाने और यात्रियों को आरामदायक यात्रा सुविधा देने के लिए यह निर्णय लिया गया है. जो कि ट्रेन भोपाल मंडल के इटारसी रेलवे स्टेशन से होकर गुजरती है, जिससे प्रदेश के यात्रियों को भी सीधा लाभ मिलेगा. रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा से पहले ट्रेन की जानकारी स्टेशन या हेल्पलाइन 139 और आधिकारिक वेबसाइट से जरूर प्राप्त करें. इससे यात्रा को और बेहतर बनाया जा सकेगा. दानापुर से बेंगलुरु जाने वाली ट्रेन संख्या 03251 अब एक मई से 31 मई तक चलेगी. इसी तरह बेंगलुरु से दानापुर आने वाली ट्रेन संख्या 03252 तीन मई से दो जून तक संचालित रहेगी.

## रेखा यादव बनीं महिला आयोग की अध्यक्ष

**भोपाल.** मध्यप्रदेश सरकार ने राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष के रूप में पूर्व विधायक रेखा यादव को नियुक्त किया है. श्रीमती यादव की नियुक्ति तीन वर्ष के लिए की गई है. इस संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आदेश जारी कर दिए गए हैं. इसके साथ ही पूर्व विधायक साधना स्थापक को आयोग में सदस्य बनाया गया है. इन दिनों सरकार विभिन्न निगम, मंडल, आयोग और प्राधिकरणों में नियुक्तियां कर रही है. इसी क्रम में यह आदेश निकाला गया है.



# मंत्री लोधी के आवास का घेराव कर किया प्रदर्शन




## बरगी हादसे को 'संस्थागत हत्या' बताया

**भोपाल: मध्य प्रदेश की राजधानी में रविवार को सियासी माहौल गरमा गया, जब युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए जबलपुर के बरगी डैम हादसे को "संस्थागत हत्या" करार दिया.**

जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित खत्री के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र लोधी के आधिकारिक आवास का घेराव किया. प्रदेश युवा कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिषेक परमार सहित कई पदाधिकारियों ने आंदोलन का नेतृत्व किया. विरोध जताने के लिए कार्यकर्ता अपने कंधों पर 11 प्रतीकात्मक अर्थियां लेकर पहुंचे, जिसे उन्होंने निर्दोष लोगों की मौत पर सरकार की संवेदनहीनता का प्रतीक बताया. अभिषेक परमार ने सरकार पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि यह हादसा महज दुर्घटना नहीं, बल्कि "सुनियोजित कुप्रबंधन" का नतीजा है. उन्होंने आरोप लगाया कि नियमों को दरकिनार कर डीजल क्रूज के ठेके करीबी लोगों को दिए गए, जिससे सुरक्षा मानकों की अनदेखी हुई.

अमित खत्री ने प्रशासन पर तीखा हमला बोलते हुए सवाल उठाया कि प्रतिबंधित डीजल क्रूज कैसे संचालित हो रहे थे और खराब मौसम की चेतावनी के बावजूद इन्हें क्यों चलाया गया. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मौके पर लाइफ जैकेट और रेस्क्यू टीम जैसी बुनियादी सुविधाएं मौजूद नहीं थीं. प्रदर्शनकारियों ने मंत्री के इस्तीफे, कलेक्टर और एसपी पर हत्या का मामला दर्ज करने, मृतकों के परिजनों को एक करोड़ रुपये मुआवजा देने और प्रदेश के सभी जल पर्यटन स्थलों का सुरक्षा ऑडिट कराने की मांग की. युवा कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि 24 घंटे में कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन पूरे प्रदेश में उग्र किया जाएगा. प्रदर्शन में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे.

# बाल तस्करी के बड़े गिरोह का हुआ पर्दाफाश

## हाईवे पर अकेली मिली दो वर्षीय मासूम

### 06 आरोपियों को किया गिरफ्तार

विशेष संवाददाता

**भोपाल: मध्यप्रदेश में हाईवे पर लावारिस हालत में मिली दो वर्षीय मासूम बच्ची के मामले ने बाल तस्करी के एक संगठित गिरोह का सनसनीखेज खुलासा कर दिया है. पुलिस ने इस मामले में अब तक 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक महिला आरोपी अभी भी फरार है.**

यह मामला 18 अप्रैल को सामने आया, जब श्योपुर जिले में नेशनल हाईवे-552 पर दांतरदा बैरियर के पास एक मासूम बच्ची अकेली मिली. संदिग्ध परिस्थितियों को देखते हुए पुलिस ने तत्काल गहन जांच शुरू की और बच्ची को जानबूझकर छोड़ने की आशंका जताई.

सीसीटीवी फुटेज, वाहन मूवमेंट, तकनीकी साक्ष्य और डिजिटल ट्रेल के विस्तृत विश्लेषण में सामने आया कि बच्ची को वर्ष 2024 में जन्म के कुछ ही समय बाद उसकी जैविक मां से अलग कर दिया गया था और बाद में विभिन्न माध्यमों से उसकी अवैध खरीद-फरोख्त की गई. गिरफ्तार आरोपियों में बच्ची को खरीदने वाला दंपती, सौदे में शामिल बिचौलिए और नेटवर्क के अन्य सदस्य शामिल हैं.

मामले में एक महिला आरोपी, जिस पर बच्ची को उसकी मां से अलग कराने में भूमिका होने का संदेह है, अभी फरार है. उसकी गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें लगातार दबिश दे रही हैं. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने बच्ची की वास्तविक पहचान स्थापित करने के लिए डीएनए परीक्षण शुरू कर दिया है. साथ ही वर्ष 2024 के अंतिम महीनों के अस्पताल रिकॉर्ड, जन्म रजिस्टर और डिस्चार्ज एंट्री की भी जांच की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि बच्ची को किन परिस्थितियों में जन्म के बाद मां से अलग किया गया.

जांच में पता चला कि नवजात बच्ची को धार और खरगोन की दो महिलाओं के जरिए इंदौर की एक ब्यूटी पार्लर संचालिका तक पहुंचाया गया. इसके बाद संचालिका और उसके पति ने बच्ची को राजगढ़ के एक दंपती को एक लाख रुपये में बेच दिया. उक्त दंपती ने करीब दो साल तक बच्ची को अपने पास रखा और बाद में उसे श्योपुर क्षेत्र में सुनसान जगह पर छोड़कर फरार हो गए. पुलिस ने आरोपियों की पहचान पूछताछ, बैंकिंग लेनदेन, मोबाइल कॉल रिकॉर्ड और विभिन्न जिलों में समन्वित कार्रवाई के आधार पर की.

## साडा अध्यक्ष अशोक 6 को करेंगे कार्यभार ग्रहण

**ग्वालियर.** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं साडा के नवनियुक्त अध्यक्ष अशोक शर्मा 6 मई को मुख्य कार्यालय पहुंचकर दोपहर एक बजे कार्यभार ग्रहण करेंगे. इससे पहले प्रातः 10 बजे तानसेन रोड स्थित पेट्रोल पंप पर भाजपा नेता, कार्यकर्ता ओर आमजन एकत्रित होंगे जहां भाजपा नेता अशोक शर्मा एवं उपाध्यक्ष हरीश मेवाफरोश हजारों समर्थकों की मौजूदगी में पाताली हनुमान मंदिर पर पंडित गिरिराज शरण गुरु के आतिथ्य में पूजा कर रैली के साथ साडा कार्यालय के लिए रवाना होंगे. रैली पाताली हनुमान मंदिर से हजीरा चौराहा, चार शहर का नाका, सागर ताल एवं मोतीझील होते हुए साडा कार्यालय पहुंचेगी, जहां शर्मा साडा के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करेंगे.

# 33 केंद्रों पर संपन्न हुई नीट यूजी परीक्षा

### परीक्षा केंद्रो पर थी सख्ती और संवेदनशील व्यवस्था

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 03 मई. राजधानी भोपाल समेत प्रदेश भर में रविवार को नीट यूजी परीक्षा कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच सफलतापूर्वक संपन्न हुई. जिसमें भोपाल शहर के 33 परीक्षा केंद्रों पर करीब 14 हजार अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए.**

वहीं विदिशा में कुल पंजीकृत 1634 अभ्यर्थियों में से केवल 1600 ही परीक्षा केंद्र पर पहुंचे. जबकि 34 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे. वहीं इंदौर में कुल 57 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा संपन्न हुई. जिसके लिये कुल 23,160 परीक्षार्थियों ने पंजीकृत थे. दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक चली इस परीक्षा में अनुशासन और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन की ओर से कड़े इंतजाम किये गये थे. प्रशासन की तरफ से हर केंद्र पर प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की सघन जांच की गई. वहीं फ्रिस्किंग के बाद सभी का बायोमेट्रिक सत्यापन कराया गया. हालांकि कुछ जगहों पर तकनीकी दिक्कत या शारीरिक कारणों से बायोमेट्रिक फेल होने की समस्या भी हुई. लेकिन नियमानुसार अभ्यर्थियों को लिखित घोषणा पत्र के आधार पर प्रवेश दिया गया. वहीं परीक्षा के दौरान किसी भी छात्र को इस प्रक्रिया के लिए परेशान नहीं किया गया.

### ड्रेस कोड का सख्ती से हुआ पालन

बता दें परीक्षा केंद्र पर नियमानुसार ड्रेस कोड का सख्ती से पालन कराया गया. केंद्र पर परीक्षा देने आये विद्यार्थियों को हल्के और हाफ स्लीव कपड़ों में ही प्रवेश मिला. वहीं जूतों पर प्रतिबंध रहा और चप्पल या सैंडल की अनुमति दी गई. जबकि अतिरिक्त सामान लेकर आने वाले अभ्यर्थियों को केंद्र से 100 मीटर पहले ही सामान रखवा लिया गया. साथ ही अभ्यर्थियों के परिजनों को भी 100 मीटर पहले ही रोक दिया गया. जिससे केंद्र पर किसी भी तरह की अनावश्यक भीड़ नहीं एकत्र हो सकी और परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई.

**निर्देश जारी** | निजी स्कूलों में प्रवेश का मिलेगा मौका

# आरटीई के तहत निशुल्क प्रवेश आज से शुरू

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 03 मई. प्रदेश में आरटीई के तहत निजी स्कूलों में नि शुल्क प्रवेश के लिए आज 4 मई से एक बार फिर प्रक्रिया शुरू हो रही है. जिसके लिये राज्य शिक्षा केंद्र ने सभी जिलों को दिशा निर्देश जारी कर दिये हैं. बता दें यह प्रक्रिया उन बच्चों के लिए अहम है जो पहले चरण में प्रवेश से वंचित रह गए थे या किसी कारणवश सत्यापन नहीं करा सके थे.**




सरकार द्वारा कमजोर वर्ग और वंचित समूह के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए निजी स्कूलों में नि शुल्क प्रवेश के लिये यह अवसर शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत प्रदेश में लागू है. जालकारी के लिये बता दें इस प्रक्रिया में कोई नया पंजीयन नहीं होगा. केवल वही आवेदक शामिल होंगे, जिन्होंने पहले चरण में आवेदन किया था, लेकिन दस्तावेज सत्यापन नहीं हो पाया था. उन्हें अब इस प्रक्रिया के तहत दोबारा मौका दिया जा रहा है. ऐसे अभिभावक अपने चयनित जनशिक्षा केंद्र पर जाकर सत्यापन करा सकते हैं. पात्र पाए जाने पर वे स्कूलों की नई पसंद भर सकेंगे.

### कब से कब तक क्या हागी प्रक्रिया

**4 मई** से 9 मई तक दस्तावेज सत्यापन किया जाएगा.
**11 मई** से 16 मई तक स्कूलों की चॉइस अपडेट करनी होगी.
**20 मई** को ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से स्कूल आवंटन होगा.
**20 मई** से 10 जून के बीच आवंटित स्कूल में प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जाएगी.

### कौन कर सकेगा आवेदन में बदलाव

पहले चरण में जिन बच्चों को कोई स्कूल नहीं मिला, वे दोबारा चॉइस अपडेट कर सकते हैं. जिनको स्कूल मिला था लेकिन उन्होंने प्रवेश नहीं लिया वे भी फिर से अपनी पसंद बदल सकते हैं.

विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार हर जनशिक्षा केंद्र पर अधिकतम दो अधिकारी तैनात रहेंगे. इसमें जनशिक्षकों को भी जिम्मेदारी दी जाएगी ताकि समय पर सभी आवेदनों का सत्यापन हो सके. अगर किसी को जनशिक्षा केंद्र पर परेशानी हो तो वे विकासखंड स्त्रोत समन्वयक कार्यालय में भी सत्यापन करा सकते हैं.

## 13 किलो मादक पदार्थ जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर.** जिले में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीतामऊ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 13 किलो अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा एवं मोटरसाइकिल जब्त की है. 2 मई को सीतामऊ-जावरा रोड स्थित ग्राम पतलासी फंटा पर मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर कार्रवाई की. इस दौरान आरोपी बापू सिंह (59) निवासी नकेड़िया को पकड़ा गया, जो मोटरसाइकिल पर तीन बैग में डोडाचूरा लेकर जा रहा था. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. साथ ही मादक पदार्थ के स्त्रोत और सप्लाई नेटवर्क के संबंध में पूछताछ जारी है.



# 1.05 करोड़ की शराब जब्त

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 03 मई. एमपी पुलिस ने अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री के खिलाफ अभियान तेज करते हुए उज्जैन और इंदौर में दो अलग-अलग कार्रवाइयों में 1.05 करोड़ की शराब और वाहन जब्त किए हैं.**

उज्जैन में नानाखेड़ा क्षेत्र स्थित निनोरा टोल प्लाजा के पास पुलिस ने एक ट्रक को रोककर तलाशी ली, जिसमें 900 पेटी (21,600 केन) अवैध बीयर बरामद हुई. कुल 10,800 बल्क लीटर बीयर की कीमत करीब 45 लाख आंकी गई है, जबकि परिवहन में इस्तेमाल ट्रक (लगभग 55 लाख) भी जब्त कर लिया गया. इस मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है. वहीं इंदौर में वाहन चेकिंग के दौरान एक कार से 43 पेटी अवैध विदेशी शराब जब्त की गई. जिसकी कीमत करीब 5 लाख बताई गई है. पुलिस ने अपील की है कि अवैध शराब और अन्य आपराधिक गतिविधियों की सूचना तुरंत दें.